पाठक के लिए एक संदेश

इन दिनों, लोग अक्सर यात्राएँ करते हैं और यहाँ तक कि दूसरे देशों में जाकर बस भी जाते हैं। जापान में भी विदेशी कर्मचारी कई तरह के क्षेत्रों में काम करते हैं और उनकी संख्या हर साल बढ़ती जा रही है। विशिष्ट कुशल कर्मचारी रेज़िडेंस स्टेटस लागू कर दिए जाने की वजह से, विभिन्न देशों के अलग-अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों से आए लोगों के लिए एक ही समुदाय में रहना और एक ही कार्यस्थल में काम करना आम हो जाएगा।

जापानी भाषा सिखाने वाली किताब **"इरोदोरी: जापान में जीवन बिताने के लिए जापानी भाषा"** एक ऐसी किताब है जिसे उन विदेशी लोगों के लिए लिखा गया है जिन्हें जापान में दैनिक जीवन जीने और नौकरी करने के लिए जापानी भाषा में बातचीत करने का बुनियादी कौशल हासिल करने की ज़रूरत है। इरोदोरी शब्द का मूल अर्थ है **"रंगना"** लेकिन इसका एक और अर्थ "किसी चीज की आकृति या दिखावट बदलकर उसे और अधिक खूबसूरत या दिलचस्प बनाना" भी है। हमने इस उम्मीद में यह नाम चुना कि यह किताब आपकी भाषा और बातचीत कौशल को विकसित करेगी जिससे आप अपने आसपास के लोगों जैसे कि अपने पड़ोसियों और सहकर्मियों के साथ अच्छी तरह से बातचीत कर पाएँगे और जापान में आपका दैनिक जीवन "बेहतर" तथा और अधिक संतोषप्रद हो जाएगा।

इस किताब की मुख्य विशेषताएँ:

- इसमें कई तरह के विषयों और परिस्थितियों को शामिल किया गया है ताकि आप उन व्यावहारिक जापानी बातचीत कौशलों को प्रभावी ढंग से हासिल कर पाएँ जिनकी ज़रूरत जापान में रहने के दौरान आपको अपने दैनिक जीवन पड़ सकती है।
- हरेक पाठ के सीखने के उद्देश्य, "Can-do" कथनों के रूप में दिए गए हैं, जिससे आपको स्पष्ट अनुमान हो जाता है कि पाठ को पूरा कर लेने के बाद आप क्या-क्या कर पाएँगे।
- इसमें शामिल विषय और व्याकरण की बातें मोटे तौर पर पहले से प्रकाशित जापानी भाषा सिखाने वाली किताब "मारुगोतो: जापानी भाषा और संस्कृति" पर आधारित हैं और यह किताब JF Standard for Japanese-Language Education का पालन करती है।
- दैनिक जीवन जीने और नौकरी करने के लिए प्राथमिक स्तर (A2) की जापानी भाषा सीखने के लिए उपयुक्त है और उन लोगों के लिए उपयुक्त है जो Japan Foundation Test for Basic Japanese (JFT-Basic) की तैयारी कर रहे हैं।
- दुनिया भर के लोगों के लिए इस किताब का इस्तेमाल आसान बनाने के लिए, हम इसे कागज़ की किताब के रूप में प्रकाशित करने के बजाय ऑनलाइन उपलब्ध करवा रहे हैं।

चाहे आप भविष्य में जापान आने की योजना बना रहे हैं और उन चीजों को सीखना चाहते हैं जिन्हें करने में आपको जापान आने से पहले सक्षम हो जाना चाहिए, या आप पहले से ही जापान में रह रहे हैं और अपनी जापानी भाषा के स्तर का पता लगाना चाहते हैं, साथ ही और ज्यादा तरह के काम करने में सक्षम होना चाहते हैं, तो हमें पूरी उम्मीद है कि यह किताब आपके लक्ष्यों को हासिल करने में आपकी मदद करेगी।

मार्च, 2020

जापान फ़ाउंडेशन

©The Japan Foundation